राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
Telex : 0141-2222403/2222469 Email ID : dlbrajasthan@gmail.com Website :www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक:एफ. 56 (क)()सीई / डीएलबी / IRGY(U)/2022–23 / 1778-2017 दिनांक: 15.02.2023

आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी
नगर निगम / परिषद / पालिका ,
समस्त राजस्थान।

विषयः– आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा नियुक्त राजीव गांधी युवा मित्रों के द्वारा इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत कार्य बाबत्।

प्रंसगः– संयुक्त निदेश प्रशासन के पंत्राक F.7(1)/20/Trg/Des/RYMP-SW/2022/18 दिनांकः– 10.02.2023 एवं विभागीय पूर्व पत्रांक 1744–1753 दिनांक 13.02.2023 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रांसगिक पत्रों के क्रम में निवेदन है, कि दिनांक 16.02.2023 को उपनिदेशक जिला मुख्यालय पर उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के कार्यालय में राजीव गांधी युवा मित्र इन्टर्नशिप कार्यक्रम से जुड़े राजीव गांधी युवा मित्रो को इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत प्रत्येक नगरीय निकाय में जाकर योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों को जोड़ने हेतु संभागीय स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया जावेगा एवं दिनांक 17.02.2023 एवं 20.02.2023 से 24.02.2023 तक निम्नांकित विवरण अनुसार अभियान चलाया जावेगा :–

I. दिनांक 17.02.2023 को जिला मुख्यालय पर स्थित उपनिदेशक, आर्थिक एव सांख्यिकी कार्यालय में जिलो की समस्त निकायों निगम / परिषद / पालिका के योजना से सम्बन्धित कनिष्ठ अभियन्ता (नगरीय निकाय में कनिष्ठ अभियन्ता नियुक्त नहीं होने की स्थिति में नगर निकाय से सम्बन्धित विभागीय सहायक अभियन्ता) के द्वारा बैठक में भाग लिया जावेगा।

II. दिनांक 20.02.2023 से 23.02.2023 तक राजीव गांधी युवा मित्रों के द्वारा जिलो में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना के चल रहे कार्य स्थल पर जाकर श्रमिकों को पूरा काम पूरा दाम एवं मेट के द्वारा कनिष्ठ तकनीकी सहायक / कनिष्ठ अभिंयता द्वारा बताये गये टास्क अनुरूप श्रमिकों से कराया जाने बाबत् चर्चा करेगें।

III. दिनांक 24.02.2023 को जिलो की समस्त निगम / परिषद / पालिका कार्यालय में शहरी रोजगार दिवस का आयोजन किया जावेगा जिसके अन्तर्गत राजीव गांधी युवा मित्रों के द्वारा कच्ची बस्तीयों एवं अन्य कमजोर वर्ग के वार्डो में जाकर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जावेगा।

उक्त अभियान के तहत दिनांक 16.02.2023 से 28.02.2023 तक के पखवाड़े में लिये गये श्रमिकों में से जो श्रमिक कार्य पर नहीं आ रहे है उनकी सूचना जैसे नाम, मोबाईल नम्बर एवं पता इन युवा मित्रों को उपलब्ध करवायी जावेगी जिससे राजीव गांधी युवा मित्र श्रमिकों से सम्पर्क कर श्रमिकों को योजना के कार्यो पर उपस्थित होने हेतु प्रेरित करेगें तथा नगरीय निकाय क्षेत्र में कार्य कर रहे मेट को योजना के प्रगतिरत कार्यो अन्तर्गत तकमीना अनुसार प्रति श्रमिक द्वारा करवाये जाने वाले कार्य का विवरण उपलब्ध करवाया जावेगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

Sd/

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

क्रमांकःएफ. 56 (क)()सीई/डीएलबी/IRGY(U)/2022–23/2018-2067 **दिनांकः** 15.02.2023

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निजी सहायक, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक, समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
4. निजी सहायक, जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (IRGY), समस्त राजस्थान।
5. समस्त उपनिदेशक क्षेत्रीय, स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान को भेज कर लेख है कि संबंधित अभिंयता की उपस्थिति तय दिनांक को किया जाना सुनिश्चित करावे।
6. संयुक्त निदेशक (प्रशासन), आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना भवन, तिलक मार्ग जयपुर।
7. सुरक्षित पत्रावली।

15/2/23

परियोजना निदेशक (IRGY-U)